के बहुत से घरों की त़रह़ उन के घर में भी T.V. पर फ़िल्में ड्रामे और ख़ूब गुनाहों भरे प्रोग्राम देखे जाते थे, ऐसी मन्हूस सूरते ह़ाल में घर में सुन्नतों भरा दीनी माह़ोल क्यूंकर क़ाइम हो सकता था ! सब से पहले ख़ुश क़िस्मती से उन के बड़े भाईजान दा'वते इस्लामी के दीनी माह़ोल से वाबस्ता हुए। वोह घर वालों को बहुतेरा समझाते, बारहा इन्फ़िरादी कोशिश करते मगर उन के कान पर जूं तक न रेंगती । घर में T.V. की मौजूदगी पर भी भाईजान तश्वीश का शिकार रहते, क्यूं कि घर के अन्दर सुन्नतों भरे माह़ोल की राह में येह बहुत बड़ी रुकावट था, वोह उसे निकालना चाहते थे मगर कुछ कर न पाते क्यूं कि घर में सिर्फ़ वालिद साह़िब की चलती थी। एक दिन हम घर वाले रात को T.V. पर ड्रिमा देख कर अभी फ़ारिग़ ही हुए थे कि भाईजान आए और उन्हों ने टेप रिकॉर्डर पर मक्तबतुल मदीना की जारी कर्दा सुन्नतों भरे बयान की एक कैसिट लगा दी । अन्दाज़े बयान बहुत दिलचस्प था लिहाज़ा सब उसे बड़ी तवज्जोह से सुनने लगे। उस बयान में मुबल्लिग़ ने जब T.V. की तबाह कारियां बयान कीं तो सब आख़िरत ख़राब होने के डर से घबरा गए, बिल ख़ुसूस अब्बूजान तो ख़ौफ़ के मारे कांपने लगे। जब बयान ख़त्म हुवा तो अब्बूजान ने बुलन्द आवाज़ में अपना फ़ैसला सुनाया : अब इस घर में T.V. नहीं चलेगा। सारे घर वाले उसी वक़्त छत पर गए और टीवी एन्टीना उखाड़ फेंका और घर से T.V. निकाल दिया गया। कुछ दिनों बा'द इन के छोटे भाई ने अब्बू से T.V. दोबारा लाने का मुत़ालबा किया तो अब्बूजान ने पुरजोश लहजे में फ़रमाया : अब इस घर में T.V. रहेगा या मैं । येह सुन कर भाई को "चुप" लग गई । यूं दा'वते इस्लामी की बरकत से اَلْحَمْدُلِلّٰه हमारा घर फ़िल्मों ड्रामों और गाने बाजों की

मिल कर उन के दिल को बहुत सुकून मिला। वोह इस्लामी भाई एक दिन उन की दुकान पर तशरीफ़ लाए और उन्हों ने उन्हें ‘‘नेकी की दा’वत’’ पेश की। उस ‘‘नेकी की दा’वत’’ के तुफ़ैल उन्हों ने ज़िन्दगी में पहली बार दा’वते इस्लामी के हफ़्तावार सुन्नतों भरे इज्तिमाअ़ में शिर्कत की। वहां पर होने वाली तिलावत, ना’त शरीफ़, सुन्नतों भरा बयान, ज़िक्रुल्लाह की सदाएं सुन कर उन्हें इन्तिहाई लुत्फ़ आया, इज्तिमाअ़ के आख़िर में होने वाली रिक़्क़त अंगेज़ दुआ़ तो उन्हें इतनी भली लगी कि वोह दा’वते इस्लामी को दिल दे बैठे, अब उन की ह़ालत ऐसी हो गई कि जहां कहीं इ़मामे और सफ़ेद लिबास में मल्बूस आ़शिक़ाने रसूल नज़र आते उन की आंखें ठन्डी हो जातीं। फिर दीनी माह़ोल की बरकत से اَلْحَمْدُ لِلّٰہ उन्हों ने अपने चेहरे पर सरकारे मदीना صَلَّی اللّٰہُ عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم की महब्बत की निशानी दाढ़ी शरीफ़ भी सजा ली। **अल्लाह** पाक की रह़मत से रमज़ानुल मुबारक (1430 हि.) में दा’वते इस्लामी के तह़्त होने वाले पूरे माहे रमज़ान के इज्तिमाई ए’तिकाफ़ में बैठने की सआ़दत पाई। अपने दो भतीजों को मद्रसतुल मदीना में ह़िफ़्ज़े क़ुरआन के लिये दाख़िल करवाया है, उन्हों ने अपनी दुकान पर **फ़ैज़ाने सुन्नत** का दर्स भी शुरूअ़ कर दिया है। **अल्लाह** पाक दा’वते इस्लामी को दिन 11वीं और रात 12वीं तरक़्क़ी अ़ता फ़रमाए जिस ने ऐसा प्यारा चैनल खोला कि मुझ जैसे गुनाहों के पुलन्दे की इस्लाह़ का सामान हुवा। मेरे छोटे छोटे बच्चों को ‘‘दा’वते इस्लामी का चैनल’’ देखने की बरकत से शायद इतनी मा’लूमात हैं जो उन्हें अब इस उ़म्र में आ कर मिली हैं। ‘‘वाह! क्या बात है दा’वते इस्लामी के चैनल की।’’

صَلُّوا عَلَی الْحَبِیب ❀❀❀ صَلَّی اللّٰہُ علٰی مُحَمَّد

के फ़व्वारे उबल रहे थे, दरीं अस्ना दा'वते इस्लामी से वाबस्ता एक आ़शिक़े रसूल हमारे पास तशरीफ़ लाए, उन्हों ने सलाम किया और बैठ गए, उन की आमद से उन की मह़फ़िल में कुछ सन्जीदगी आई, उन्हों ने निहायत उ़म्दा मदनी फूलों से नवाज़ा, उन के हुस्ने आवाज़ और मदनी अन्दाज़ से उन्हें इतना सुरूर मिला कि येह उन के मीठे बोलों में खो गए। कुछ देर बा'द वोह जाने लगे तो उन्हों ने अ़र्ज़ की : भाई ! मज़ीद कुछ देर तशरीफ़ रखिये ! और हमें अच्छी अच्छी बातें बताइये, नेकी की दा'वत का जज़्बा रखने वाले इस्लामी भाई ने हमारी दरख़्वास्त मन्ज़ूर फ़रमा ली। दौराने गुफ़्त्गू फ़िक्रे आख़िरत व इस्लाहे़ उम्मत का मौज़ूअ़ भी ज़ेरे बह़स रहा, उस आ़शिक़े रसूल की पुर तासीर इन्फ़िरादी कोशिश ने उन के दिलों पर गहरे नुक़ूश छोड़े। दूसरी रात वोह फिर उसी जगह मह़फ़िल सजाए उन इस्लामी भाई के मुन्तज़िर थे कि ह़स्बे उम्मीद वोह तशरीफ़ लाए और उन्हें दा'वते इस्लामी के मदनी मर्कज़ फ़ैज़ाने मदीना चलने की दा'वत पेश की, उन के किरदार व गुफ़्तार को देख कर कम अज़ कम वोह तो इन्कार न कर सके और उन के साथ फ़ैज़ाने मदीना की पाकीज़ा फ़ज़ाओं में पहुंच गए। ख़ौफ़े ख़ुदा व इ़श्क़े मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰهُ عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का जज़्बा दिल में उजागर करने वाले रूह़ परवर दीनी माह़ोल ने उन के दिल में मदनी इन्क़िलाब बरपा कर दिया और यूं उस आ़शिक़े रसूल की "इन्फ़िरादी कोशिश" की बरकत से उन्हें दा'वते इस्लामी का दीनी माह़ोल नसीब हो गया।

صَلُّوا عَلَی الْحَبِیب ❀❀❀ صَلَّى اللهُ علٰی مُحَمَّد

## मुह़द्दिसे आ'ज़म की इन्फ़िरादी कोशिश

**प्यारे प्यारे इस्लामी भाइयो !** देखा आप ने ! इन्फ़िरादी कोशिश के कितने ज़बर दस्त नताइज निकलते हैं ! सगे मदीना عُفِیَ عَنْهُ का अपना

